हिमाचल 2020 तक कार्बन न्यूट्रल राज्य

शिमला

delhibureau@patrika.com

कार्बन स्मार्ट ग्रोथ को कार्यान्वित करने से हिमाचल प्रदेश वर्ष 2020 तक कार्बन न्यूट्रल राज्य बन जाएगा। यह जानकारी मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित ताज पैलेस में द एनर्जी एण्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट द्वारा दिल्ली सतत् विकास में 'प्रोटेक्टिंग द ग्लोबल कॉमन्स: 20 ईयर्स पोस्ट रियो' आयोजित 12वें सम्मेलन में दी।

उन्होंने कहा, वर्ष 2020 तक कार्बन न्यूट्रल बनने वाला हिमाचल प्रदेश पहला राज्य होगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कार्बन फुटप्रिंट प्रति व्यक्ति 1.4 टन आंका गया है, जबकि राष्ट्र स्तर पर यह औसत 1.57 टन प्रति व्यक्ति है। प्रदेश सरकार ने कार्बन क्रेडिट के दोहन के लिए विश्व बैंक के साथ एक 'ईआरपीए' समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं ताकि 'बायो कार्बन प्रोजेक्ट' के अंतर्गत 20 वर्ष के लिए राज्य के 10 जिलों की 177 ग्राम पंचायतों में 4000 हैक्टेयर भूमि पर 20 करोड़ रुपए का कार्बन राजस्व प्राप्त किया जा सके। उन्होंने हिमालयी क्षेत्र की बहुमूल्य वन सम्पदा के रखरखाव, संरक्षण एवं विस्तार के लिए बाजार आधारित 'पेमेंट फॉर इको-सिस्टम सर्विस' की वकालत की। (प.सं.)